No. of Printed Pages : 6 **BSEI-004**

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT (ACSM)

Term-End Examination

December, 2012

00599

BSEI-004 : LAW AND ENFORCEMENT

Time : 3 hours *Maximum Marks :* **100**

नोट : *प्रश्न 1 के* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं। प्रश्न 2 में से कोई* ***सात*** *एवं प्रश्न 3 में से कोई* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखें।*

1. (a) निम्नलिखित में से **सही** (✓) या **गलत** (×) का निशान लगाएं : **10x1=10**

(i) हालात से निपटने के लिए सुरक्षा विभाग अंडर कवर एजेंटों के साथ गुप्त मीटिंग कर सकता है। ( )

(ii) मज़दूर संघ के नेताओं के निवास स्थान को, संघ के मंच के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है। ( )

(iii) अगर कोई व्यक्ति बेईमानी से, बिना मालिक की अनुमति के उसकी अचल संपत्ति को अपनी जगह से दूसरी जगह ले जाता है तो उसे चोरी कहते हैं। ( )

(iv) हड़ताल पर जाने से पहले मज़दूर संघ को 40 दिन पहले प्रबंधन को सूचित करना चाहिए। ( )

(v) यदि सुरक्षा कर्मी को, किसी व्यक्ति पर शक है कि उसने अपराध किया है तो वह उसे गिरफ्तार कर सकता है। ( )

(vi) किसी को गिरफ्तार करते समय अपनी पहचान नहीं बतानी चाहिए। ( )

(vii) किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के बाद जल्दी से पुलिस के अधिकारी को सूचित करना अनिवार्य है। ( )

(viii) पुरुष सुरक्षा अधिकारी किसी भी महिला कैदी के साथ नहीं रहेगा लेकिन महिला सुरक्षा अधिकारी, पुरुष कैदी के साथ रह सकती है। ( )

(ix) कोई भी व्यक्ति, अपराध को होने से बचाने के लिए या गिरफ्तार करने के लिए, अपराधी या अन्य व्यक्ति को कानून से गिरफ्तार करवाने में मदद करने हेतु, ''बल का प्रयोग'' कर सकता है। ( )

(x) चोरी में, आम तौर पर अपराधी इमारत या इमारत के किसी हिस्से में अनाधिकृत प्रवेश करता है। ( )

(b) **रिक्त स्थान भरो :** **10x1=10**

(i) कर्मचारियों द्वारा अपनी शिकायतों को प्रकट करने के लिए थोड़े समय के लिए की जाने वाली हड़ताल को __________ कहते हैं।

(ii) जब हड़ताली कर्मचारी बिना भोजन और पानी के धरने पर बैठते हैं, तो उसे __________ कहते हैं।

(iii) चोरी सिर्फ __________ सम्पत्ति की होती है।

(iv) लूटना, __________ का बिगड़ा हुआ रूप है।

(v) जब पाँच से अधिक व्यक्ति, बल के प्रयोग से चलित संपत्ति को अपने साथ बेईमानी से ले जाते हैं, तो उसे __________ कहते हैं।

(vi) अगर कोई औरत कहती है कि बलात्कार में उसकी मर्जी नहीं थी तो यह भार __________ पर होगा कि उसके विरूद्ध सबूत लाए।

(vii) भारतीय दंड संहिता की धारा __________ बेईमानी से सम्बन्धित है।

(viii) घातक अनाधिकृत प्रवेश एक __________ अपराध है।

(ix) जो बातें, वास्तव में आप देखते हैं, सुनते हैं और महसूस करते हैं उन्हें __________ साक्ष्य कहते हैं।

(x) जो मूल दस्तावेज़ या वस्तुएं, अपराध से जुड़ी होती हैं, उन्हें __________ साक्ष्य कहते हैं।

(c) **स्तंभ 'अ'** और **स्तंभ 'ब'** का मिलान करें : 8x1=8

	स्तंभ 'अ'		**स्तंभ 'ब'**
(i)	सुनी सुनाई बातें	(A)	प्रत्यक्ष साक्ष्यों से सीधा संबंध
(ii)	परिस्थितिक प्रमाण	(B)	आम जनता
(iii)	No Entry (नो एंट्री)	(C)	कानून में अमान्य
(iv)	जन समुदाय	(D)	मनाही वाला चिन्ह
(v)	विवेकी	(E)	पुख्तता
(vi)	असमाजिक तत्व	(F)	दूर की सोचने वाला व्यक्ति
(vii)	सत्याग्रह	(G)	ऐसे व्यक्ति जो समाज के साथ मिलकर न चलें
(viii)	साक्ष्य	(H)	अपनी मांगें मनवाने का एक शांतिपूर्ण तरीका

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखें : 7x6=42

(a) परिभाषा लिखें :

(i) क्षणिक हड़ताल (ii) आंशिक हड़ताल

(b) "नियम के अनुसार काम करो" (Work to Rule) से आपका क्या तात्पर्य है? संक्षिप्त में लिखें।

(c) घेराव के क्या कारण होते हैं? लिखें।

(d) गिरफ्तार करने योग्य अपराधों के उदाहरण लिखें।

(e) गिरफ्तार करते समय गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को क्या-क्या बातें बतानी चाहिए।

(f) जब आप किसी अपराधी को गिरफ्तार करते हैं तो पेशेवर व्यवहार करने के लिए क्या-क्या कार्यवाहियाँ करनी चाहिए लिखें।

(g) "घातक अनाधिकृत प्रवेश" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

(h) साक्ष्य कितने प्रकार के होते हैं? संक्षिप्त में लिखें।

(i) निम्न धाराओं के बारे में लिखें :

  (i) धारा-391

  (ii) धारा-425

  (iii) धारा-441

(j) सुरक्षाकर्मी को अपने प्रदाताओं के प्रति जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए? लिखें।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें : **3x10=30**

(a) एक पुलिस अधिकारी को कई मौकों पर बिना वारंट के गिरफ्तारी का अधिकार है। इसके बारे में संक्षिप्त में जानकारी दें। भारतीय दण्ड संहिता (IPC) में से किन्हीं पाँच गैर जमानती अपराधों की सूची बनाएं।

(b) "हादसा-पुस्तिका" में दर्ज करने वाली कौन-कौन सी बाते हैं। लिखें।

(c) ''सावधान करने वाले चिन्ह'' पर विस्तृत वर्णन लिखें।

(d) ''साक्ष्यों को सुरक्षित रखने'' पर विस्तृत वर्णन करें।

(e) घेराव किए गए व्यक्ति को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। वर्णन करें।